तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

12 जिला राज्योत्सव के रंगारंग समापन में ...

12 पखांजूर की गैस एजेंसी में तालाबंदी से हितग्राही...




## खबर संक्षेप

### युवक की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सीएचसी अंतागढ़ में इलाज के लिए लाए धमतरी जिला के हाटकेसर निवासी 39 वर्षीय राजू ध्रुव का 4 नवंबर को मौत हो गया। अस्पताल से अंतागढ़ थाना में अस्पताली मेमो पेश कर बताया गया कि मृतक की मौत अज्ञात कारणों से हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कराते स्पर्धा में संदीप ने जीता कांस्य पदक



**दुर्गूकोंदल।** संयुक्त भारत ओपन कराते प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले संदीप नेताम का सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह ग्राम पंचायत कोदापाखा क्षेत्र में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में जनपद सदस्य हेमलता उयके, बांगाचार सरपंच अनूपा कोवाची, उपसरपंच शानू नेताम, ग्रामवासी मुकेश गावड़े तथा नागरिकों ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सभी ने उनके दृढ़ संकल्प, मेहनत और लगन की सराहना किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं ने संदीप का हौसला बढ़ाया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

### साहस्त्रबाहू जयंती धूमधाम से मनाई



**कोरर।** कोकानपुर में साहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन के छाया चित्र पर दीपक जलाकर, पुष्प अर्पण कर , तिलक वंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गाया। कार्यक्रम में पारसमणी जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष ने भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन की वीरगाथा के बारे में सामाजिक लोगों को बताया। इस अवसर पर केशव राम जैन ग्रामीण संरक्षक, लखन सिन्हा ग्राम प्रमुख, प्रकाश जैन सचिव, चेतन सिन्हा कोषा अध्यक्ष, गौतम सिन्हा, टीकम जैन, जितेन्द्र जैन, पुष्कर सिन्हा, मिथलेश जैन, वेदप्रकाश सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता, आत्मा सिन्हा सहित समस्त डडसेना कलार समाज के ग्रामीण व कोकानपुर के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तालाकुर्रा में मानसगान का हुआ आयोजन



**कोरर।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में सार्व भौमिक वेदांत मानस परिवार द्वारा रामचरित मानस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संचालक बद्रीनाथ साहू, विनोद रावटे सरपंच, जितेन्द्र साहू उपसरपंच, संजय जैन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, रामदेव प्रजापति, गौतम गांवर अध्यक्ष ग्राम सभा, धुर्व कुमार साहू, संतोष, सत्यनारायण साहू, नवल सिंग पोटाई, गांधी राम शोरी, घासी राम कावड़े, हरबंश यदु, सरजू राम जैन, कुलेश्वर मार्गीया, मनराखन पदमाकर, सहदेव जैन, रमेश कुलदीप, विजय यदु, गुलाब जैन, मोहित यदु,गजानंद साहू, मोहन बढ़ाई, बालाराम घरत, द्वारिका साहू, मनोज खावार्य, नरोत्तम पिद्दा, महादेव यदु, देवराज जैन, विमल जैन, मनोज यदु,एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## पर्व : स्थानीय प्रशासन की लापरवाही उजागर, महिलाओं में आक्रोश

# मरीन ड्राईव तालाब की गंदगी से कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं दीप दान के लिए परेशान हुईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

**खास बातें**

- गंदगी के साय में स्नान करना हुआ मुश्किल,
- नगर पालिका प्रशासन की तैयारी शून्य, महिलाओं को दीपदान के लिए साफ जगह तलाशनी पड़ी



कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व, जिसे हिंदू धर्म में स्नान, ध्यान, पूजा, दान और दीप प्रज्वलन का विशेष अवसर माना जाता है, इस वर्ष शहर की अव्यवस्था और नगरपालिका की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। बुधवार की सुबह महिलाएँ और श्रद्धालु दीपदान करने स्थानीय मरीन ड्राईव तालाब के घाट पहुँची, परंतु फैली गंदगी के कारण महिलाओं को दूसरे घाट जाने को मजबूर होना पड़ा। धार्मिक आस्था में डूबी महिलाएँ जब श्रद्धा से दीपदान करने पहुँचीं, तो उन्हें सबसे पहले घाट पर फैली गंदगी का सामना करना पड़ा।

कार्तिक मास हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। पूर्णिमा तिथि को श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान के बाद भगवान विष्णु, शिव और देवताओं की विशेष पूजा करते हैं। नदी, तालाब या जलाशय में दीपदान करना कार्तिक माह की मुख्य परंपरा है। मान्यता है कि दीपदान से पितरों का उद्धार होता है, देवताओं की कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है। स्थानीय स्तर पर यह पर्व और भी विशेष माना जाता है क्योंकि शहर के कई परिवार पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा के तहत कार्तिक पूर्णिमा पर पूरे परिवार के साथ घाट पहुँचते हैं। महिलाएँ सुबह चार बजे से तैयारी में जुट जाती हैं। महिलाएं दीप, रूई की बाती, तेल, पुष्प, आरती की थाली और पूजा समग्री लेकर वे सुहावनी सुबह घाट की ओर निकलती हैं। सुबह 5 बजे महिलाओं का पहुँचना प्रारंभ हो गया था, परंतु मरीन ड्राईव में शिव मंदिर के पास घाट में पहुँची महिलाओं को गंदगी दिखी और उनका कहना था कि यहाँ पर दीपदान संभव नहीं है। ऐसे में महिलाएं वहाँ से वापिस होकर वंदे मातरम् घाट और महतारी घाट पर पहुँचकर दीपदान किया। इन दोनो घाट पर मुहल्लेवासी नहाते है, जिससे उनको भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सुधार योजनाएं बनानी होंगी

शहरी विकास विशेषज्ञ कहते हैं कि ऐसे आयोजन साल में आते हैं, इसलिए नगरपालिका को अग्रिम योजना बनाना चाहिए। कर्मचारियों की तैनाती, त्योहार से पहले घाटों की विशेष सफाई हो, कचरा संग्रहण और कचरा निस्तारण की तुरंत व्यवस्था होना चाहिए। मरीन ड्राईव में कचरा फैला पड़ा रहता है।

### पर्व का रंग फीका पर उम्मीद बाकी

कार्तिक पूर्णिमा जैसा पवित्र पर्व हर वर्ष महिलाओं और श्रद्धालुओं के मन में आनंद और ऊर्जा भरता है। लेकिन इस बार गंदगी और अव्यवस्था के कारण वह खुशी आधी रह गई, फिर भी श्रद्धालुओं का मनोबल कम नहीं हुआ। महिलाएँ कठिनाइयों के बीच भी तालाब के दूसरे घाट में दीपदान करती रहीं और भगवान से यह प्रार्थना करती रहीं कि अगले वर्ष ऐसा दिन फिर न देखना पड़े।

### नगरपालिका प्रबंधन ने नहीं दिखाई गंभीरता

परंपरा के इस सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए सामान्य तौर पर नगरपालिका द्वारा पहले से ही साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की तैयारियाँ की जाती हैं, लेकिन इस बार स्थिति बिल्कुल उलट दिखी। महिलाओं को उम्मीद थी कि नगरपालिक की टीम पहले ही सफाई करके घाटों को सुगम बनाकर दे चुकी होगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। महिलाएँ दीपदान के लिए साफ जगह ढूंढते-ढूंढते भटकती रहीं।

### महिलाओं में आक्रोश, श्रद्धा के पर्व का अपमान

दीपदान करने पहुँची सीमा कश्यप का कहना था कि हम महिलाएँ पूरे साल इस दिन का इंतजार करती हैं। दीप जलाना हमारा भावनात्मक पर्व है। लेकिन जब जगह ही न मिले, गंदगी से भरी हो, तो मन खिन्न हो जाता है। सरस्वती ने कहा कि हम हर साल यही समस्या झेलते हैं। त्योहार के एक दिन पहले भी सफाई नहीं की जाती। श्रद्वालुओं के आने का अंदाजा नगरपालिका को होना चाहिए, पर फिर भी ध्यान नहीं देते। मधु सिन्हा का कहना था कि सुबह 4 बजे से तैयारी करके मरीन ड्राईव सुबह 5 बजे पहुँचे, तालाब के घाट के किनारे पानी की सतह पर प्लास्टिक, फूल-माला और कचरे की परत साफ दिखाई दे रही थी। पहली सीढ़ी पर कचरा का ढेर रखा हुआ था। महिलाएँ प्रशासन की इस लापरवाही से बेहद दुखी दिखीं। कई महिलाओं ने इसे आस्था का अपमान कहा।

# गुरुनानक जयंती पर सिंध पंचायत ने अमृत वेले में की अरदास व कीर्तन





**कांकेर।** कांकेर नगर में बुधवार को श्री गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव एवं प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। अमृत वेले की अरदास, कीर्तन, शबद-वाणी और गुरबाणी के मधुर रसपान के बीच श्रद्धालुओं ने गुरु के उपदेशों को स्मरण किया।

- प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया, बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

पूज्य सिंधु भवन मांझापारा में सुबह 10 बजे गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात सुबह 11 बजे युवाओं और महिलाओं ने सिंधु भवन के सामने से बाइक रैली निकाली, जो नगर भ्रमण करते हुए पुराने कम्युनिटी हाल में संपन्न हुई। यहां दोपहर 1 से 3 बजे तक आम भंडारा आयोजित किया गया। शाम को विशाल शोभायात्रा गुरुनानक चौक से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः गुरुनानक चौक में ही संपन्न हुई। रात्रि लगभग 10 बजे गुरुनानक चौक में आतिशबाजी की गई, जिसने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। दोपहर में आयोजित विशाल लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने समाज को समानता, भाईचारा, सत्य, ईमानदारी और सेवा का संदेश दिया था, जो आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हैं। पूरे दिन चले आयोजन में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व कांकेर में एकता, प्रेम और साम्प्रदायिक सौहार्द का अद्भुत संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष राकेश आहूजा, दिलीप खटवानी, लक्ष्मीचंद लालवानी, मेघराज मंगलानी, कमल लालवानी, दीपक खटवानी, आयलदास लच्छानी, मुकेश खटवानी, मुरली लालवानी, राजा देवनानी, पार्षद हितेंद्र खटवानी, रवि लालवानी, गुलाब गोलानी, अजय मोटवानी, राकेश मोटवानी, जगदीश जसनानी, नीरज सबनानी, सागर केशवानी, सचिन गिड़लानी, सन्नी खटवानी, मनीष केशवानी, आकाश मंगलानी, रोहित मोटवानी, प्रशांत खटवानी, मोनू खटवानी, मोंटी खटवानी, सुमित पंजाबी, लखन शर्मा, सन्नी लालवानी, मनीष देवनानी, सागर पंजाबी, आशीष फब्यानी, करण आहूजा, विशाल मोटवानी, दीपक पंजवानी, गोल्डी लालवानी, विशाल मूलचंदानी, सहित समाज के समस्तजन उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित छात्रों का राज्योत्सव में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नव निहालों को वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से गुल्लक द नेचर के बैनर तले अपने अभिनव प्रयास के लिए मारीपारादेवरी व आंवराभाट के छात्रों का राज्योत्सव के दूसरे दिन सम्मान किया गया। जिले के लिए उनकी अनोखी पहल जिसमें बच्चे अपने घरों में फलदार पौधों का वृक्षारोपण कर उनके संवर्धन संरक्षण की जिम्मेदारी खुद उठाते हैं और उनके इस प्रयास के लिए गुल्लक द नेचर परिवार की ओर से प्रति पौधे प्रति माह 10 रूपएं की राशि उन्हें प्रदान की जाती है, साथ ही पौधों के लिए प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित कर ,पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मजबूत नींव उज्जवल भविष्य , पर्यावरण के प्रति जागरूकता और आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करेगा। इस प्रयास को सफल बनाने वाले छात्रों को राज्य उत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक मंच पर कविता पाठ के लिए रायपुर से आए अतिथि मीर अली, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं पद्मश्री से सम्मानित अजय मंडावी एवं अन्य वरिष्ठजनों द्वारा राज्योत्सव के मंच में पुरस्कृत करते हुए ग्राम के बच्चों को सम्मानित किया गया। यह छोटे ग्रामीण बच्चों एवं उनके साथ विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पालक गण भी मंच पर उपस्थित होकर अपने बच्चों को पुरस्कृत होते देखा गौरवांवित होकर अविस्मरणीय क्षण में भाव विभोर हुए। बच्चों के द्वारा किए जा रहे प्रयास को सभी ने सराहा और पर्यावरण के लिए इसे बड़ा कदम बताया।

# मारपीट में युवक का सूजा गाल दो युवकों पर मामला पंजीबद्ध

**कांकेर।** मदले में मामूली बात को लेकर युवक के साथ अन्य दो युवको ने मारपीट कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए युवक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे उसका गाल सूज गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दोनो युवकों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कमते हुए विवेचना में लिया गया।

- मदले में मामूली बात पर हुआ विवाद, फिर मुक्के की पिटाई

दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे मुंगूरापारा मदले निवासी 24 वर्षीय परिमल दास मानिकपुरी पिता मानिक दास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि 3 नवंबर को दोपहर करीबन डेढ़ बजें गांव के नन्दकिशोर बढ़ाई पिता दयालु राम बढ़ाई, अंजीत विश्वकर्मा पिता बेदूराम विश्वकर्मा दोनो मेरे घर के पास आए और कहने लगे की तुम मेरी मां को यह बताए हो कि हम दोनो दियागांव में मार खाए है। युवक कुछ बोल पाता, उसके पहले आरोपी नन्दकिशोर बढाई और अंजीत विश्वकर्मा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। दोनो आरोपी आक्रोशित होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे, मैं जैसे तैसे बचाव किया। दोनो आरोपियों ने मेरे साथ बेदम पिटाई किया है, जिससे मेरे दोनो गाल में सूजन हो गया है। बीच बचाव कर रही मेरी दादी जागेश्वरी मानिकपुरी आई तो उन्हे भी नन्दकिशोर ने धक्का मार दिया, जिससे वह गिर गई और चोट आई है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनो आरोपी नन्दकिशोर बढाई और अंजीत विश्वकर्मा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर ग्रामीणों की बैठक में तीन परिवारों ने अपनाया अपना मूल धर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनसागर



विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के आश्रित ग्राम भैसमुंडी में 4 नवंबर को धर्मांतरण के मुद्दे पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ग्राम समुदाय के भीतर लंबे समय से चल रहे मतभेद और नियमों के पालन को लेकर उत्पन्न स्थिति को स्पष्ट करने तथा सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई थी।

आयोजित बैठक में बताया गया कि गांव के कुल छह परिवारों ने पूर्व में अपना धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म को अपना लिया था। ग्रामीणों के अनुसार, इन परिवारों द्वारा ग्रामसभा में तय किए गए कुछ परंपरागत नियमों एवं नीतियों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते गांव में असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। इस विषय पर सामूहिक चर्चा की गई तथा ग्रामजनों ने आपसी संवाद के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया। ग्राम प्रतिनिधियों से हुई वार्ता और समझाइश के बाद तीन परिवार चैन सिंह नरेटी, राम सिंह चक्रधारी और रामचंद्र चक्रधारी ने पुनः हिंदू धर्म में लौटने का निर्णय लिया, वहीं अन्य तीन परिवारपतरूराम जुर्री, शिवचंद्र कावड़े और अमृत सिंह नरेटी ने अपने पूर्व निर्णय पर कायम रहते हुए धर्म परिवर्तन वापस लेने से इंकार कर दिया।

ग्रामवासियों का कहना है कि इस प्रकार की बैठकें समुदाय में संवाद बढ़ाने और गलतफहमियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होती हैं। गांव के हित में आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखने की बात कही गई।

आयोजित बैठक में ग्राम के प्रमुख पदाधिकारियों और वरिष्ठों की उपस्थिति रही, जिनमें ग्राम पटेल लखन सिंह, गायता प्रकाश कोमरा, सरपंच हिरालाल कुंजाम, जोहर कोमरा, घासी उसेंडी, भगबली दर्रो, नरसिंह नरेटी, योगेश राजपूत, देव सिंह कुंजाम, सहदेव नरेटी, चमरा गावड़े, गन्नू सिंह पटेल, कने सिंह पटेल सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे। सभी उपस्थित जनों ने गांव में शांति, आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर बल दिया।

## मार्गशीर्ष पुरुषोत्तम माह की शुरुआत में अमृत, रवि, सर्वार्थ सिद्धि योग

# अगहन मास पर मां लक्ष्मी पूजा की बुधवार को तैयारी की, आज कथा और व्यंजनों का चढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अगहन मास (मार्गशीर्ष) की शुरुआत अमृत, रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे शुभ योगों पर हो रही है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इसे हिंदी का 9 वां महीना माना जाता है। हिंदू धर्म में अगहन यानी मार्गशीर्ष महीना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

सनातन धर्म में साल के सभी बारह महीनों को विशेष महत्व दिया गया है। प्रत्येक माह किसी न किसी देवता को समर्पित है। सतयुग में देवों ने मार्गशीर्ष मास की प्रथम तिथि को ही वर्ष प्रारम्भ किया था। इसी मास में कश्यप ऋषि ने सुन्दर कश्मीर प्रदेश की रचना की थी। अगहन माह शंख पूजा का भी विशेष महत्व बताया गया है। यह महीना शुभ कार्य करने का भी




महीना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मार्गशीर्ष माह भगवान श्री कृष्ण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस महीने भगवान कृष्ण की पूजा करने से मनुष्य जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। मार्गशीर्ष माह 6 नवंबर 2025 से शुरू होकर 04 दिसंबर 2025 तक रहेगा। इसके बाद पौष माह की शुरुआत होती है। इस वर्ष मार्गशीर्ष माह के पहले दिन वृश्चिक संक्रांति भी मनाई जाती है। इस दिन सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। मार्गशीर्ष माह को भगवान श्री कृष्ण की पूजा के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस महीने में जप तप और ध्यान करने से सभी तरह के बिगड़े कार्य बन जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं को मार्गशीर्ष बताया है। श्री कृष्ण कहते हैं बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम्। मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकर अर्थात मैं सामों में बृहत्साम, छन्दों में गायत्री, मासों में मार्गशीर्ष और ऋतुओं में बसन्त ऋतु मैं हूँ। इस श्लोक के माध्यम से श्रीकृष्ण ने स्वंय को मार्गशीर्ष महीना बताया है।

### मार्गशीर्ष माह में ऐसा भी कर सकते है

मार्गशीर्ष माह में विष्णुशास्त्र नाम, भागवत गीता और गजेंद्रमोक्ष का पाठ अवश्य करें। इससे पितरों को मोक्ष मिलता है और जीवन में खुशहाली भी आती है। मार्गशीर्ष माह में एक शंख में पवित्र नदी का जल भरकर अपने पूजा स्थान पर रखें। मंत्र जाप करते हुए शंख को भगवान के ऊपर घुमाएं। फिर शंख से भरे पानी को घर के हर कोने में छिड़कें। इससे समृद्धि बढ़ती है। संतान प्राप्ति और सुखी जीवन जीने के लिए मार्गशीर्ष माह की सुबह और शाम भगवान कृष्ण की पूजा करें। शास्त्रों के अनुसार यदि किसी की कुंडली में चंद्र दोष हो तो ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा से जुड़े उपाय करने से समस्या दूर हो सकती है।

# बाइकर्स की स्टंटबाजी से रेलवे कॉलोनी में हादसों का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

रेलवे स्टेशन मार्ग एवं रेलवे कॉलोनी रोड में इन दिनों कार ड्राइविंग सिखाने का कार्यक्रम लगातार चल रहा है। कुछ युवक यहां बाइक से स्टंटबाजी भी करने लगे हैं, जिससे क्षेत्र के निवासी विशेषकर रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारी और उनके परिवारजन चिंतित हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना कॉलोनी के बच्चे स्कूल आने-जाने के लिए निकलते हैं और साइकिल चलते है, ऐसे में ड्राइविंग की प्रैक्टिस और स्टंटबाजी के कारण किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। कालोनी के निवासियों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र में कार ड्राइविंग सिखाने की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए और बाइकर्स पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे। कालोनीवासियों का कहना है कि हम लोगों के द्वारा मना करने पर विवाद किया जाता है, इसलिए इस समस्या के निदान के लिए पुलिस को आगे आना होगा।

# ग्रामीण युवाओं को मिला आत्मनिर्भरता का नया अवसर, राजमिस्त्री प्रशिक्षण का सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ऑफ–कैंपस राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत बयानार, विकासखण्ड कोंडागांव में हुआ।

### प्रमाणपत्र और टूलकिट का वितरण

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही, आरएसईटीआई जगदलपुर की ओर से प्रत्येक प्रशिक्षु को राजमिस्त्री कार्य के लिए आवश्यक टूलकिट दी गई, ताकि वे स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

## कौशल विकास की दिशा में सराहनीय पहल



### निर्माण कार्यों की तकनीकी दी गई जानकारी

*प्रशिक्षण में ग्राम बयानार और आसपास के क्षेत्रें के युवाओं ने भाग लिया, जिन्हें ईंट जोड़ाई, माप–जोख, सीमेंट–रेत अनुपात, प्लास्टरिंग, दीवार निर्माण, वाटर लेवल सेटिंग, तथा निर्माण गुणवत्ता नियंत्रण जैसे व्यावहारिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जैसी योजनाओं के निर्माण कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।*

### इनकी रही उपस्थिति

समापन कार्यक्रम में आरएसईटीआई जगदलपुर के अधिकारी, ग्राम पंचायत बयानार के सरपंच और जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं के लिए स्वावलंबन और रोजगार का सशक्त माध्यम साबित हो रहे हैं, जिससे न केवल उनके जीवनस्तर में सुधार होगा, बल्कि गांवों के विकास कार्यों में भी गति आएगी।

## खबर संक्षेप



### सौर ऊर्जा के प्रति दिखा लोगों में उत्साह

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम 2 से 4 नवम्बर में पीएम सूर्य घर योजना का विशेष स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस स्टॉल के माध्यम से जिले में चल रही सौर ऊर्जा योजनाओं और उनकी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक कोंडागांव सुश्री लता उसेंडी तथा कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने स्टॉल का निरीक्षण किया। दोनों अतिथियों ने पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति, जिले में हुए ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन कार्यों और लाभार्थियों तक पहुँच रही सब्सिडी की जानकारी ली। स्टॉल में जिले में स्थापित 225 पीएम सूर्य घरों, उनमें से 164 ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन और 132 हितग्राहियों को प्रदत्त सब्सिडी की जानकारी आकर्षक ढंग से प्रदर्शित की गई। साथ ही वेंडर संस्थानों ने सौर ऊर्जा उपकरणों, तकनीकी मॉडल्स और उपभोक्ताओं की सफलता की कहानियों को प्रस्तुत किया, जिसने आगंतुकों का ध्यान खींचा।

### बड़ेराजपुर में प्रधानमंत्री आवासों में हुआ सामूहिक गृह प्रवेश



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती 25वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर 01 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 3.51 लाख नवनिर्मित आवासों में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कोंडागांव जिले के 5556 परिवारों के जीवन में नई शुरुआत हुई। पूरे प्रदेश में आयोजित इस उत्सव में हजारों परिवारों के चेहरों पर खुशियाँ और उत्साह झलक उठा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 1010 आवासों का गृह प्रवेश कराया गयइं इस अवसर पर क्षेत्र में त्योहार जैसा माहौल रहा। वषोंर् से कच्चे मकानों में जीवन व्यतीत कर रहे परिवारों के चेहरों पर अब स्थायी आवास की मुस्कान दिखाई दी। लाभार्थियों ने बताया कि यह उनके लिए केवल एक मकान नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की शुरुआत है।

## आयोजन : तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य समापन

# रजत महोत्सव में छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की धुन से गूंजा विकास नगर स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कोंडागांव जिले में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम का समापन उत्साह और उल्लास के बीच हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इन स्टॉलों पर ग्रामीण विकास, कृषि, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया गया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने जानकारी प्राप्त की।



### लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा स्टेडियम परिसर

*मुख्य मंच पर लगातार तीन दिनों तक स्थानीय कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रजत महोत्सव का पूरा वातावरण लोकसंस्कृति और परंपरा की सुगंध से सराबोर रहा।*

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, दीपेश अरोड़ा, कुलवंत चहल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उराव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। राज्योत्सव का यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ की गौरवशाली यात्र का प्रतीक बना, बल्कि इसने स्थानीय नागरिकों में एकता, संस्कृति और विकास की भावना को भी और अधिक सशक्त किया।*

## राज्योत्सव में बच्चों की लाजवाब गणित मॉडल प्रस्तुति ने जीता सबका दिल

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर मनाए जा रहे राज्योत्सव 2025 में शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही। यहाँ प्रदर्शित बच्चों के गणित और विज्ञान विषयक मॉडल्स ने राज्योत्सव में आए आगंतुकों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जनपद प्राथमिक शाला बुनागांव के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी बेबाकी और प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने गणित के मैजिक मॉडल, गिनती चक्र, बारहखड़ी और विज्ञान से जुड़े शिक्षाप्रद मॉडलों का सुंदर प्रदर्शन किया जो शिक्षा और रचनात्मकता का बेहतरीन संगम रहा। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी, जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने शानदार मॉडल प्रस्तुतीकरण के लिए बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



### शिक्षा विभाग की रचनात्मक पहल को मिली सराहना

शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई यह प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की उपलब्धियों और गौरवगाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर रही थी। बच्चों की रचनात्मक सोच और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने इस प्रदर्शनी को राज्योत्सव का प्रमुख शैक्षणिक आकर्षण बना दिया।

### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

इस अवसर पर जिले के अनेक अधिकारी, शिक्षक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों का समर्पण जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे रहा है।

## पिता की हत्या का प्रयास बेटा पुलिस हिरासत में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ शराब के नशे में आए दिन देता था परिजनों को धमकी

जिला कोण्डागांव पुलिस ने हत्या के प्रयास के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बेटे को गिरफ्तार किया है जिसने अपने पिता पर लकड़ी से जानलेवा हमला कर दिया था। यह घटना थाना माकड़ी क्षेत्र के ग्राम ओटेण्डा प्लाटपारा की है। मामले का विवरण अनुसार 4 नवंबर की शाम लगभग 6 बजे आरोपी संतुराम नेताम ने अपने पिता काशीराम नेताम पर चौखटनुमा लकड़ी से प्राणघातक हमला किया। हमले में पीड़ित के सिर, पैर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान अवस्था में गिर पड़ा। घायल को तत्काल ग्रामवासी बैजनाथ नेताम पीड़ित का पुत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी लेकर पहुँचा, जहाँ से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 43/2025 धारा 109, 127(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी संतुराम नेताम पिता काशीराम नेताम, निवासी ओटेण्डा प्लाटपारा ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आपराधिक प्रकरणों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। माकड़ी थाना पुलिस की यह कार्रवाई इसी सख्त रुख का परिणाम मानी जा रही है।

### पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक विकास बघेल, सउनि गिरीश कतलम, प्रधान आरक्षक निर्मल मण्डावी, मोनाराम मण्डावी, आरक्षक राजू पानीग्राही, बेनेदिक्त खलखो, और गंगाराम मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बस्तर ओलंपिक में एनसीसी ग्राउंड में खिलाड़ियों और दर्शकों का दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को एनसीसी ग्राउंड कोंडागांव में हुआ। यह प्रतियोगिता 5 से 8 नवम्बर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के सैकड़ों खिलाड़ी भाग लेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी एवं नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, यशोदा कश्यप और रामदई नाग सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही अन्य अतिथियों में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल, धनंजू मरकाम, सरपंचगण, वार्ड पार्षद, शिक्षक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर बालिका वर्ग 14 से 17 वर्ष के विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। आगामी कार्यक्रम के तहत 6 नवम्बर को सीनियर बालिका वर्ग 17 वर्ष से अधिक, 7 नवम्बर को सीनियर बालक वर्ग 17 वर्ष से अधिक, 8 नवम्बर को जूनियर बालक वर्ग 14 से 17 वर्ष, के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

### इनकी रही सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंडागांव उत्तम महोबिया, तहसीलदार मनोज रावते सहित जनपद के अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह से पूरा मैदान खेल भावना और उमंग से सराबोर हो उठा।

## 5 प्रस्तावों को राज्य स्तरीय समिति को भेजे जाने की अनुशंसा की गई



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति में गौ सेवा आयोग अंतर्गत गठित जिला स्तरीय गौधाम समिति की प्रथम बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में गौधाम योजना से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा गौधाम योजना अंतर्गत प्राप्त 5 आवेदन पत्रों पर चर्चा की गई। इन सभी प्रस्तावों को राज्य स्तरीय समिति के अनुमोदन के लिए भेजे जाने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष हेमचन्द्र सिंह ठाकुर भेलवापदर, केशकाल, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एम.बी. सिंह, ईश्वर नारायण बेस, लक्ष्मीनाथ नेताम मसोरा, रामकुमार पात्र, विरेन्द्र यादव, श्रीमती बिन्दु शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र नाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दीपिका सिदार एवं डॉ. आकांक्षा कश्यप उपस्थित रहे।

### गौसंवर्धन और संरक्षण पर दिया विशेष जोर

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गौधाम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जैविक खेती को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौधामों की स्थापना एवं संचालन पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि ग्रामीणों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

## विद्युत क्षमता वृद्धि से कोण्डागांव में होगा बेहतर बिजली वितरण

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत कोण्डागांव जिले में विद्युत वितरण प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। वन मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में यह कार्य किया जा रहा है। मुख्य अभियंता जगदलपुर टी. के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता एच. के. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन तथा कार्यपालन अभियंता आर. एल. सिंहा के प्रयासों से 4 नवम्बर को 33/11 केवी विश्रामपुरी उपकेंद्र के 3.15 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि कर 5 एमवीए कर दी गई है। इससे क्षेत्र के कृषि उपभोक्ताओं को अब निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। इसी क्रम में जिले के 33/11 केवी उपकेंद्र मॉकडी, बीजापुर, किबाई बालेंगा, गिरोला और बोरगांव में स्थापित 3.15 एमवीए ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि कर 5 एमवीए में परिवर्तन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। साथ ही रांधना, बड़े डोंगर एवं फरसगांव उपकेंद्रों के अंतर्गत विभिन्न 11 केवी फीडरों की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति भी जारी की गई है। : इन कार्यों के पूर्ण होने से जिले में ओवरलोडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या का प्रभावी समाधान होगा। कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को सतत, स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। यह कदम न केवल जिले की ऊर्जा आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करेगा, बल्कि किसानों की उत्पादकता और नागरिकों की सुविधा में भी गुणात्मक सुधार लाएगा।



## सुपोषित जीवन अभियान के तहत मर्दापाल में महिलाओं ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ कुपोषण मुक्त कोण्डागांव की दिशा में उठाया गया जागरुकता भरा कदम

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में सुपोषित जीवन अभियान की शुरुआत कोण्डागांव जिले में की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जिले को कुपोषण मुक्त बनाना और जनसहभागिता के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मर्दापाल में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, रंगोली और बच्चों द्वारा फुलझड़ी जलाकर की गई, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

### महिलाओं ने निकाली मशाल रैली

कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता से मशाल रैली निकाली गई, जिसमें कुपोषण उन्मूलन का संदेश पूरे गांव में दिया गया। अतिथियों ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे कुपोषण के खिलाफ इस जनअभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि कुपोषण एक छिपी हुई बीमारी है, जो बच्चे के विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बताए जाने पर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र अवश्य भेजें।



### मुख्य अतिथि बने प्रेरणादायक उदाहरण

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कोर्राम ने कुपोषित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए एक बच्चे को गोद लेने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर सरपंच जयंती कश्यप, पंच मोना, परियोजना अधिकारी मनीष कुमार मेश्राम, सुपरवाइजर बबीता चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एकिा, तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की मांग पर सरकार ने दिखाई संवेदनशीलता

**कोण्डागांव।** शिक्षकों के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले में राज्य सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बस्तर संयुक्त संचालक जेडी राकेश पांडेय को हटा दिया है। सरकार ने एच.आर. सोम को नया संयुक्त संचालक, शिक्षा बस्तर संभाग नियुक्त किया है। यह निर्णय तब लिया गया जब सर्व शैक्षणिक संगठन ने जेडी द्वारा एक शिक्षक के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। मामला तब गरमाया जब एक शिक्षक को केवल जींस पहनकर आने पर संयुक्त संचालक राकेश पांडेय ने चैंबर से अपमानित कर बाहर निकाल दिया था। इस घटना से शिक्षकों में भारी आक्रोश फैल गया। बस्तर आयुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने चेतावनी दी थी कि यदि जेडी को नहीं हटाया गया तो 7 नवंबर को बस्तर संभाग में शालाओं की तालाबंदी कर आक्रोश रैली निकाली जाएगी। शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार ने तत्काल निर्णय लेते हुए जेडी राकेश पांडेय को हटाया और नए जेडी एच.आर. सोम की नियुक्ति कर दी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के सम्मान और छात्रहित में लिया गया महत्वपूर्ण कदम है। जेडी के हटने के बाद सर्व शैक्षणिक संगठन ने 7 नवम्बर को प्रस्तावित धरना–प्रदर्शन और आक्रोश रैली को वापस लेने की घोषणा की है। अब सभी शालाएं नियमित रूप से संचालित होंगी और शिक्षक दोगुने उत्साह से अपने शैक्षणिक दायित्व का निर्वहन करेंगे।



## बस्तर को रेल और आसमान से जोड़ने की ठोस पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




■ विशाखापटनम में सांसद महेश कश्यप ने रखी विकास की नई रूपरेखा

सांसद महेश कश्यप ने विशाखापटनम में आयोजित रेल विस्तार संबंधी महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेकर बस्तर के सर्वांगीण विकास की दिशा में नई उम्मीदें जगाई है। बैठक में उन्होंने बस्तर क्षेत्र को मजबूत रेल संपर्क और बेहतर यात्री सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में ठोस सुझाव रखे। उन्होंने बस्तर से विशाखापटनम के बीच मौजूदा रेल मार्गों के सुदृढ़ीकरण के साथ नई रेल परियोजनाओं और कनेक्टिविटी योजनाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। सांसद ने कहा कि बस्तर का आर्थिक और सामाजिक विकास तभी संभव है जब यहां से सुगम रेल और हवाई संपर्क उपलब्ध हो। उन्होंने कहा हमारे युवाओं, व्यापारियों,छात्रों और यात्रियों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बस्तर का भविष्य रेल और हवाई नेटवर्क के विस्तार में निहित है।विशाखापटनम प्रवास के दौरान सांसद ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भी भेंट की। इस मुलाकात में उन्होंने बस्तर में हवाई सेवाओं के विस्तार, नई उड़ानों की शुरुआत और एयर कनेक्टिविटी के सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने अनुरोध किया कि जगदलपुर एयरपोर्ट को विशाखापटनम, रायपुर, भुवनेश्वर और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए नई उड़ानें शीघ्र शुरू की जाएं,जिससे व्यापार,पर्यटन और निवेश को नई दिशा मिले। सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बस्तर को परिवहन के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा रेल और हवाई संपर्क से बस्तर की पहचान अब सीमित नहीं रहेगी, यह अब देश की मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है।

### विकास यात्रा को नई दिशा दी

विशाखापटनम में हुई इस बैठक ने बस्तर की विकास यात्रा को नई दिशा दी है। सांसद की पहल से बस्तर से विशाखापटनम रेल मार्ग के सुदृढ़ीकरण के साथ नई परियोजनाओं की संभावनाओं को बल मिला है। हवाई सेवाओं के विस्तार पर हुई सार्थक चर्चा से बस्तरवासियों में नई उम्मीद जगी है।

### रेल और हवाई सम्पर्क बस्तर की जीवनरेखा

रेल और हवाई संपर्क का संयुक्त विस्तार बस्तर की जीवनरेखा बनने जा रहा है। इससे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। अब बस्तर देश के विकास नक्शे पर और भी मजबूती से उभरने को तैयार है। अब बस्तर केवल मंजिल नहीं, विकास की दिशा तय करने वाला क्षेत्र बन रहा है नई रेल और हवाई उड़ानें बस्तर की प्रगति का परचम लहराएंगी।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, योजनाओं की प्रगति और पुनरीक्षण कार्य पर दिए निर्देश

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने जिले में चल रही शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कायोंर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समय–सीमा में कार्य पूर्ण करें और लंबित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाएं, ताकि आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। कलेक्टर ने आगामी धान उपार्जन सत्र की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं, जैसे तौल मशीन, बारदान, बिजली, पीने का पानी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रें के चेकपोस्टों पर निगरानी और जांच के लिए अधिकारियों–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को कहा, ताकि बाहरी धान की अवैध आवक रोकी जा सके। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अब से ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत की जाएं, जिससे कार्य में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वी–त कायोंर् की प्रगति की समीक्षा की और मुख्यमंत्री तीर्थयात्र योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुपोषित जीवन अभियान के तहत नागरिकों में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ग्राम पंचायतों में मशाल रैली आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएम विद्या योजना के अंतर्गत जिले के स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था मजबूत करने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घरों में जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर दिशा–निर्देश – कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आज से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके सुचारू संचालन के लिए उन्होंने सभी एसडीएम को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए और मतदाता सूची को अद्यतन रखने पर बल दिया।

## खबर संक्षेप

### जांच के लिए कांग्रेस ने गठित की समिति

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत बैल, धरमा एवं बडेपल्ली गांव के ग्रामीणों की लगभग 120 एकड़ से ज्यादा निजी भूमि पर रायपुर के एक उद्योगपति के द्वारा रजिस्ट्री कराने के मामले में कांग्रेस ने जांच दल का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में नौ-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। सदस्यों में विक्रम मंडावी विधायक, राजमन बेंजाम, छविन्द्र कर्मा, हरीश कवासी, नीना रावतिया महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, शंकर कुडियाम, लालू राठौर जिला अध्यक्ष, लच्छु राम मौर्य सदस्य जिला पंचायत शामिल है। जांच समिति अविलंब क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित ग्रामवासियों से चर्चा कर प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देगा।

### अभिनव बने सीए

**जगदलपुर।** शहर निवासी और सेवा निवृत ग्रामीण बैंक मैनेजर



भूपेंद्र सिंह और माता पूर्णिमा सिंह के पुत्र अभिनव सिंह ठाकुर ने हाल ही में आयोजित सीए परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अभिनव की इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी की लहर है। उनके माता-पिता ने उनकी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है।

### विशेष योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**जगदलपुर।** पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज जलाराम मंदिर सभागार में विधिवत रूप से किया गया। शिविर 5 नवंबर से 29 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिभागी ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं,गृहिणियों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को प्रमाणित योग शिक्षक बनाना है जिससे वे न केवल स्वयं स्वस्थ रहें,बल्कि समाज में योग क्रांति के प्रेरक भी बन सकें।

# बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, विजेताओं को मिला सम्मान

## जनपद अध्यक्ष व अधिकारियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत दो दिवसीय जगदलपुर विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन ग्राम पंचायत बिलोरी स्टेडियम में हुआ। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में खेलों की जोश और उत्साह से सराबोर वातावरण देखने को मिला।

तीन और चार नवंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में जगदलपुर विकासखंड के 72 पंचायतों व नगर निगम क्षेत्र को मिलाकर बनाए गए पांच जोन के लगभग 1600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने सामूहिक और एकल दोनों वर्गों में 16 प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सीनियर व जूनियर वर्ग के महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग के साथ शिक्षा समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य श्रुति शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया, अर्जुन सेठिया, विकास सिधार, सरपंच उमन बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता प्रतिभागियों को शील्ड व मेडल प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन जनपद पंचायत सीईओ अमित भाटिया के मार्गदर्शन में हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल राजेश गुप्ता ने खेल आयोजन की जानकारी दी।




### 1600 खिलाड़ियों ने 16 प्रतिस्पर्धाओं में लिया हिस्सा

जगदलपुर ब्लॉक के पांच जोनों के लगभग 1600 खिलाड़ियों ने 16 प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने समापन समारोह को जीवंत बना दिया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड और प्रतिभागी बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल आयोजन में शिक्षा विभाग और पंचायत विभाग की संयुक्त भूमिका रही, वहीं अधिकारियों, शिक्षकों और समन्वयकों के समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## गुरुद्वारा में लोगों ने माथा टेका, किया सबद-कीर्तन का श्रवण

# सिख समाज ने मनाया गुरुनानक जयंती शांति व खुशहाली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सिख समाज के द्वारा बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु नानक जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय शांति नगर स्थित गुरुद्वारा में बुधवार के सुबह गुरु ग्रंथ साहिब अखंड पाठ का समापन हुआ, लोगों ने गुरुद्वारा में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। गुरु नानक जयंती पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में सिख समाज के साथ-साथ सभी समाज के लोग काफी संख्या में शामिल हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माता ठेका और क्षेत्र में शांति एवं खुशहाली की कामना की। गुरुपर्व, प्रकाश पर्व के अवसर पर बाहर से पहुंचे कलाकारों के द्वारा आकर्षण शब्द कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अरदास किया गया, अरदास के बाद महालंगर का आयोजन हुआ, जिसमें सभी समाज के लोगों ने काफी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी प्रकाश पर्व गुरु नानक जयंती के अवसर पर सिख समाज के द्वारा दो दिन पूर्व शहर में आकर्षक नगर कीर्तन निकला गया था और गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ प्रारंभ किया गया था। गुरु नानक जयंती का आयोजन केवल धार्मिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों की याद दिलाने का माध्यम भी है। इस दिन लोग अपने अंदर आत्मचिंतन करते हैं और अपने व्यवहार में सुधार लाने की कोशिश करते हैं। गुरु नानक देव जी का जीवन अत्यंत सरल और शिक्षाप्रद था। उन्होंने अपने अनुयायियों को भौतिक सुखों में उलझे बिना धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी शिक्षाएं केवल सिख धर्म तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह मानवता के लिए सार्वभौमिक संदेश हैं।

# दीपावली मिलन में गुंजन समूह के कलाकारों ने बांधा समा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुंजन संगीत समूह द्वारा दीपावली मिलन समारोह में गीत-संगीत की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों को झूमने पर विवश कर दिया। यह आयोजन गुंजन संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा झा के निवास में हुआ, जहां पूरे शहर के संगीतप्रेमी कलाकारों ने अपने-अपने सुरों से दीपोत्सव की शाम को मधुरता से सराबोर कर दिया। मुख्य अतिथि करमजीत कौर, अध्यक्ष कादंबरी रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि में मुकेश वासनिक और रतन व्यास उपस्थित रहे।

- **कलाकारों ने पेश किए एक से बढ़कर एक गीत**

गुंजन संगीत समूह ने पारंपरिक से लेकर आधुनिक गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की। गायन में आभा सामदेकर, अरुणा आचार्य, जितेन्द्र दास, अनामिका पांडे, संजीव शील, संगीता शील, रानू शील, संदीप सामंत, बॉबी वर्मा, आदित्य मोघे, संजय देवांगन और नंदा कोलकोटवार जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अभय सामदेकर ने किया। डॉ सुषमा झा ने कहा गीत-संगीत न केवल आत्मा को आनंदित करता है बल्कि समाज में समरसता और सकारात्मकता का संदेश भी देता है। गुंजन समूह का उद्देश्य संगीत को जीवित रखना और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी परंपरा को पहुंचाना है। दीपों की रौशनी,गीतों की मिठास और सुरों की गुंजन से झा कॉम्प्लेक्स गूंज उठा। गुंजन संगीत समूह के कलाकारों ने अपने सुरों से दीपावली की रात को रोशन कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

# विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना और आरती के दौरान वातावरण जय छत्तीसगढ़ महतारी, जय हिंदू संस्कृति के जयघोष से गूंज उठा।

विहिप विभाग मंत्री रवि ब्रह्माचारी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस को त्योहार के रूप में मनाना चाहिए, जिससे समाज में मातृभूमि के प्रति जागरूकता, श्रद्धा और एकता की भावना और प्रबल हो।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे, जिनमें विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी, जिलाध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता, जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, जिला सह संयोजक सन्नी रैली, नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु, नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर सह संयोजक अजय प्रताप सिंह और रोहन घोष सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में हिंदू एकता, राष्ट्र निर्माण और संस्कृति संरक्षण का संकल्प लिया।

# कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने धान खरीदी प्रक्रिया में व्याप्त अनियमितताओं और कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रेसवार्ता में संघ ने प्रदेश की 2058 समितियों और 2739 उपार्जन केंद्रों से जुड़े 15 हजार कर्मचारियों की ओर से चार सूत्रीय मांगें रखीं। संघ ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में परिवहन और भुगतान प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हैं, जिससे समितियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा। साथ ही शासन द्वारा दिए गए पुराने आश्वासन अब तक लागू नहीं किए गए हैं। संघ ने सुखत राशि, कमीशन, सुरक्षा व्यय और प्रोत्साहन बढ़ाने, आउटसोर्सिंग समाप्त करने और कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं वेतनमान में सुधार की मांग की है।

# हवन, रक्तदान और फल वितरण के साथ मनाया मंत्री केदार का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के जननायक और प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के 51वें जन्मदिवस पर बुधवार को जगदलपुर में दिनभर सेवा, संस्कार और संवेदना का अनूठा संगम देखने को मिला।

- **सेवा, संस्कार और संवेदना से सजा जन्मदिवस उत्सव**

केदार कश्यप यूथ फैंस और उनके शुभचिंतकों ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से मंत्री का जन्मदिन मनाया। सुबह मां दंतेश्वरी मंदिर में यूथ फैंस और समर्थकों ने विशेष हवन-पूजन कर मंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की। मंदिर परिसर जय बस्तर जय केदार कश्यप" के नारों से गूंज उठा। भक्तिभाव और श्रद्धा से ओत-प्रोत माहौल में युवा समर्थकों ने बस्तर मां की आराधना की।





हवन के पश्चात यूथ फैंस ने महारानी अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। तत्काल जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया, जिससे मानवता की मिसाल कायम हुई। इसके बाद मेडिकल कॉलेज डिमरापाल पहुंचकर युवाओं ने मरीजों को फल वितरण किया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ.अनुरूप साहू,मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट यूनियनअध्यक्ष डॉ मनोज यादव, डॉ प्रशांत सहित अन्य चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जनपद अध्यक्ष गौरव कश्यप, निगम एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, माहेश्वरी ठाकुर, कुसुम परिहार,ढाकेश्वरी पांडे, हरीश पारख, गायत्री बघेल,आशा साहू, नेहा ध्रुव, श्वेता बघेल,उर्मिला यादव,अलका सेंगर,रंजीता पाणीग्राही, सोनू सोरी, संजय उपाध्याय,अमित रामटेके, राकेश दत्ता, आदर्श ठाकुर, प्रीतेश राव, परेश ताटी,मयंक दिवान, कृष्ण नारायण नाग, राजेंद्र बघेल,रेनू बघेल,मंगल नाग, भरत कश्यप, आनंद झा,वीरेंद्र जोशी, दुर्जन कश्यप, भीम नाग,ओम प्रकाश कश्यप, चमन ठाकुर,लखीराम यादव,पिलूराम कश्यप, बंटू पांडे, विघ्नेशर बाकड़े,शेखर सिन्हा, सुकरु बघेल,फग्नू नाग, उदय सेठिया, लाला राम नाग,मनु सेठिया, संपत नाग,माहंगु नाग,सुदू नाग,सुकमन नाग सहित सैकड़ों समर्थक शामिल हुए।

# आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ गोंडी व तेलगु में पत्र व वीडियो जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हाल ही में छग समेत तीन राज्य महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, तेलगांना के हैदराबाद व छग के जगदलपुर में सैकड़ों की संख्या में शीर्ष नक्सलियों के समर्पण के बाद नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ गोंडी, हिन्दी व तेलगु में पत्र व विडीयो जारी कर समर्पण करने वालों को गद्दार करार दिया है। नक्सलियों ने वीडियो के जरिये गोंडी में कहा है कि पार्टी और जनता को धोखा देकर सब पलट गए है और अब जनता और जनताना सरकार को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। भूमकाल के लोगों को फटाखा फोड़ने के साथ पीएलजीए और मिलिशिया के लोगों को आईईडी प्लांट करने से मना कर रहे हैं।

- **समर्पण करने वाले संगठन को दो फाड़ में बांटकर स्मारकों को तोड़ने का लगाया आरोप**

जारी विडियो में कहा कि संगठन को दो फाड़ में बांटकर स्मारकों को तोड़ा जा रहा है। एमएलएम सिद्धांत को खत्म होने की बात कर रहे हैं परंतु याद रखो ये सब रहेगा पर तुम कभी वापस नही आ पाओगे।

नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी ने जारी प्रेसनोट में कहा कि भैरमगढ़ एरिया में सक्रिय नक्सली नेता कमलू पुनेम पर संगठन का दो लाख रुपये लेकर फरार होने और आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया में सक्रिय डीवीसी मेम्बर और भैरमगढ़ एरिया कमेटी इंचार्ज कमलू पुनेम ने 26 अक्टूबर को बीजापुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिविजनल कमेटी ने समर्पण करने वाले नक्सली नेता को समर्पण करने वाले नक्सली नेता सोनू और रूपेश के गुट का बताया और कहा कि उन्ही से प्रेरित होकर उसने समर्पण किया है।

# कार्तिक पूर्णिमा में नहाने गई युवती की डूबने से मौत

**जगदलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र स्नान करने गई युवती की नहाने के दौरान तालाब की गहराई में डूबने से मौत हो गई। मामला परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कलेपाल स्थित नानीमुण्डा तालाब की है। जानकारी के मुताबिक तोकापाल ब्लाक के डोंगरीगुड़ा निवासी मनबती मौर्य पिता केदार मौर्य 30 वर्ष अपने परिजनों के साथ कार्तिक पूर्णिमा में नहाने के लिए तड़के लगभग 3 बजे कलेपाल स्थित नानीमुण्डा तालाब गई थी। मामले की जानकारी देते हुए परपा पुलिस ने बताया कि डोंगरीगुड़ा निवासी हेमबती मौर्य पिता केदार मौर्य 30 वर्ष अपने परिजनों के साथ बुधवार की सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर घर के पास ही तालाब में नहाने के लिए गई हुई थी। तालाब में नहाने के दौरान गहराई का अदांजा नही होने से वह फिसलकर नीचे चली गई। साथ गए परिजनों ने काफी खोजबीन की और काफी मशक्कत के बाद हेमबती को पानी से निकाला गया। इसके बाद उसे निकालने के बाद उसे उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाया गयाद्व जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किरान दुकान से अंग्रेजी शराब और बियर जब्त

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए अंग्रेजी शराब के कोचिए को पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी गोण्डाहुर निवासी 27 वर्षीय आकाश बाला 3 नवंबर को अपने ढोरकट्टा के किराना दुकान में अवैध ढंग से 15 पौवा गोल्डन गोवा व 2 नग केन बियर का रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 65 निवासी 35 वर्षीय दिनेश सिकंदर पानी में डूब गया। पीव्ही 55 निवासी नारायण सिकंदर ने पुलिस को बताया कि 2 नवंबर को मृतक दिनेश सिकंदर तालाब में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सहायक शिक्षकों की पदोन्नति के लिए शिक्षक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**पखांजुर।** सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा जिले में सहायक शिक्षक संवर्ग को प्राथमिक विद्यालय प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति प्रदान करने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तम सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रमुखता से अवगत कराया कि कांकेर जिले में 30 अक्टूबर 2025 तक रिक्त पदों के आधार पर सभी विकासखंडों से जानकारी प्राप्त कर, अधिक से अधिक सहायक शिक्षकों को पदोन्नति दी जाए। फेडरेशन की मांग है कि वरिष्ठता सूची में सुधार कर उसे शीघ्र जारी किया जाए। अधिक से अधिक सहायक शिक्षक साथियों को पदोन्नति का लाभ मिले। संविलियन के नियमों के अनुरूप सूची जारी करते हुए, पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र से शीघ्र पूरा किया जाए। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने फेडरेशन को पदोन्नति प्रक्रिया के लिए वरिष्ठता सूची जारी करने और जानकारी मंगाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान महेश्वर राम कोटपरीया, घनाराम नागराज, राजकुमार साक्षी, लालमन पटेल, लोकेश उईके, डोंगेश्वर कंवर सहित अन्य सहायक शिक्षक संवर्ग के साथी उपस्थित रहे।

### बिजली बिल वृद्धि के विरोध में आप का हल्लाबोल

**जगदलपुर।** बस्तर की धरती से आज राजधानी रायपुर तक जनता की आवाज़ पहुंचाने का बिगुल बजा। प्रदेश पदाधिकारी समीर खान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने बढ़ते बिजली बिलों और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ दंतेश्वरी मंदिर के सामने ज़ोरदार धरना–प्रदर्शन किया। समीर खान ने कहा विष्णुदेव सरकार ने जनता से किए वादे तोड़कर 400 यूनिट मुफ्त बिजली की योजना समाप्त कर दी। पहले ही जनता रसोई गैस, पेट्रोल और दूध के दामों से जूझ रही है।

**राज्योत्सव :** लोक गायिका गरिमा व स्वर्णा की टीम ने लोक गीतों और नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी

# जिला राज्योत्सव के रंगारंग समापन में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों का किया गया सम्मानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा रजत वर्ष महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन 02 नवंबर से किया गया, जिसका 4 नवंबर को विधिवत समापन हुआ। नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में राज्योत्सव की रंगारंग कार्यक्रमों की पेशकश की गई।

राज्योत्सव 2025 के समापन अवसर पर उपस्थित विधायक आशाराम नेताम ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी ने उत्कृष्ट और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक जिलेवासियों ने राज्योत्सव को एक पर्व की तरह मनाया, जिसके लिए नगरवासी और सभी जिलावासी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भी शुभकामनाएँ दीं जिन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रभावी प्रदर्शन किया। अंतिम दिन विख्यात लोक गायिका गरिमा व स्वर्णा दिवाकर की टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीतों और नृत्य का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया गया। आयोजन के प्रथम दिन हिरेश सिन्हा चारामा की रंगारंग प्रस्तुति दी गई, दूसरे दिन प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कवि मीर अली मीर एवं स्थानीय हस्तियों के द्वारा कवि सम्मेलन की पेशकश किया था। इसके साथ हीविभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों तथा आश्रम व आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की चित्ताकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं और विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया गया। इन तीन दिनों में नगरवासियों ने राज्योत्सव का भरपूर लुत्फ उठाया।

### उत्कृष्ट झांकी एवं स्टाल हुईं पुरस्कृत

राज्योत्सव 2025 के तहत तीन दिवसीय आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों ने राज्य स्थापना के उपरांत पिछले 25 वर्षों में हुए विकास और विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर आधारित स्टाल लगाए गए थे। रजत महोत्सव राज्योत्सव 2025 के समापन अवसर पर उत्कृष्ट स्टालों को विधायक के द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर स्कूल शिक्षा विभाग, द्वितीय जल संसाधन विभाग तथा तृतीय स्थान पर नगरपालिका कांकेर के नालंदा परिसर मॉडल को प्राप्त हुआ।







### सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण

*तीन दिवसीय राज्योत्सव के दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण वाले संस्थानों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें शासकीय कन्या आश्रम पंडरीपानी (चारामा) को प्रथम, भानुप्रताप देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर को द्वितीय, शहीद रामकुमार कन्या उमावि कांकेर को तृतीय स्थान, एकलव्य आवासीय विद्यालय नरहरपुर को चतुर्थ एवं शासकीय उमावि पुसवाड़ा को पंचम स्थान प्राप्त हुआ।*

### कलेक्टर ने माना नगरवासियों और अधिकारी कर्मचारियों का आभार

*जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राज्योत्सव के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि, पूरे जिले में उत्सव, एकता और गर्व का वातावरण निर्मित हुआ, कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी विभागों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विभागीय प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया गया।*

## कृषि विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में जैविक खेती और पशुपालन को बढ़ावा देने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गकोंदल



कृषि विभाग दुर्गकोंदल द्वारा जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में चल रहे कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन से संबंधित शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा किसानों को इन्हें अधिक से अधिक अपनाने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया।

आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है और उनको उपयोग के लिए प्रेरित भी करना होगा। कृषि अधिकारियों ने ब्लॉक में संचालित जैविक खेती योजनाओं, खेत प्रदर्शन कार्यक्रमों तथा किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली नवीन तकनीकों की जानकारी दिया। इस दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण, बीज, खाद, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन सहायता उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक खेती की तुलना में जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ाती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम करती है, जिससे किसान को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। सौर सूजला योजना पर भी विशेष चर्चा की गई। यह योजना किसानों को सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा आधारित पंप उपलब्ध कराती है, जिससे बिजली या डीजल खर्च से मुक्ति मिलती है। बैठक में बताया गया कि सौर सूजला योजना का विस्तार करने से किसान सालभर सिंचाई कर सकेंगे और उत्पादन में वृद्धि होगी। किसान समृद्धि आत्मा योजना एवं उद्यानिकी विकास से संबंधित योजनाओं में फलदार पौधों, सब्जी उत्पादन तकनीक, ड्रिप सिंचाई जैसी उन्नत विधियों के लाभों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। पशुपालन के क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन, गोपालन, बकरा पालन और मुर्गी पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने का मुख्य साधन माना गया। इस दिशा में किसानों को प्रशिक्षण एवं अनुदान आधारित सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही गई।

आयोजित बैठक में कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी, कृषि समिति सदस्य हेमलता उईके, निर्मला कोवाची, रासालू गावड़े, रजमन कोवाची, सोमदेव कोरिटी, कृषि अधिकारी भेनूराम मरकाम, निरंजन नरेटी सहित ब्लॉक के सभी ग्रामसेवक एवं आरईओ उपस्थित रहे।

## गुरु नानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और सद्भावना से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आज भानुप्रतापपुर गुरुद्वारे में सिख समाज द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, और पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश और शबद-कीर्तन से हुई। रागी जत्थों ने गुरु वाणी के मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। श्रद्धालु संगत शांति से बैठकर 'वाहेगुरु' सुमिरन में लीन रहे। कीर्तन उपरांत संगत ने सामूहिक अर्दास किया जिसमें देश-समाज की खुशहाली, आपसी भाईचारे और शांति की कामना की गई। गुरुद्वारे में उस समय का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और भावनाओं से भरा हुआ था। इसके पश्चात गुरु का लंगर आरंभ हुआ। यहाँ सभी वर्गों और धर्मों के लोग एक साथ पंक्ति में बैठकर प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण करते दिखाई दिए। लंगर सेवा में सिख समाज के युवा और बुजुर्ग समान रूप से जुड़े रहे, जिसने गुरु नानक देव जी की शिक्षा सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है को साकार कर दिया।

## पखांजूर की गैस एजेंसी में तालाबंदी से हितग्राही हैं परेशान, पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पखांजुर इलाके में गैस सिलेंडर की सप्लाई करने वाली गैस एजेंसी विगत दो माह से बंद है, जिसके चलते हितग्राहियों को भटकना पड़ रहा है। हितग्राही संबंधित विभाग को शिकायत कर रहा है, परंतु विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहा।

बीते दो माह से माँ आमाबूदिन गैस एजेंसी में ताला लगा है, जिसके चलते हितग्राहियों को गैस नही मिल रहा है। उस हितग्राहियों को दूसरे गाड़ियो से लेना पड़ रहा है, जिसके चलते कार्ड में एंटी नही हो रहा है और सब्सिडी का पैसा खाता में जमा नही हो रहा है तथा मूल्य अधिक ले रहा है। विदित हो कि पीएम द्वारा गरीबो के लिए कई योजना चलाया जा रहा है, ताकि उन गरीबो को राहत मिल सके, मगर प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना जो चलाया जा रहा है, इस परलकोट में उसका फायदा गरीबो तक नही पहुंच रहा है। इसका लाभ माँ आमाबुदिन गैस एजेंसी अंतागढ़ द्वारा डकार ले रहा है, जिसकी जानकारी खाद्य विभाग को पूरी जानकारी है और इसके पहले भी खाद्य विभाग अधिकारी मुकेश साहू द्वारा बनाया गया है जिसमें हितग्राही द्वारा शिकायत किया गया है। गैस एजेंसी द्वारा हमें बुलाया जाता है और फिर गुमराह करके घर में भेज देते हैं। इस विषय में खाद्य अधिकारी का कहना है कि मेरे द्वारा सेल्स अधिकारी मनोज मंडल रायपुर को पूरी जानकारी दिया गया है उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि पखांजूर में प्रधानमंत्री योजना के नाम से जो भ्रष्टाचार किया जा रहा है उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है, कहीं ना कहीं मिली भगत नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री बोल रहे हैं भ्रष्टाचार को बक्सा नहीं जाएगा, इस परलकोट में खुलेआम भ्रष्टाचार चल रहा है जिसमें अब तक कोई लगाम नहीं कस रहा है। अनुविभागीय अधिकारी टेकाराम देवांगन से जब चर्चा किया गया है तो उन्होंने कहा है मैं उनके नाम से तत्काल नोटिस जारी करता हूं और उसके खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा।

■ विभाग मौन खाद्य अधिकारी ने कहा- सेल्स मैनेजर को बताया है, कार्रवाई नहीं की

## नाटकों का मंचन करके अंधविश्वास का भ्रम तोड़ा और किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



अंधविश्वास को दूर करने की मुहिम अब बस्तर के प्रवेश द्वार से शुरू होकर सफलता पूर्वक राज्य में गई, उसके पश्चात अब राष्ट्रीय स्तर पर अब इस मुहिम को एक नई पहचान मिली है। समृद्धि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर को शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में किया गया था, जिसका परिणाम 4 नवंबर को जारी किया गया। जिले के सरोना तहसील के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर के शिक्षक मानेश कुमार सिन्हा व उनके सहयोगी शिव प्रसाद भास्कर का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हुआ है। विगत वर्षों से समृद्धि कला उत्सव का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है, पर इस बार जिला से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना, कांकेर जिले के लिए गौरव की बात है। मानेश सिंहा का कहना है कि इन्हीं प्रतियोगिताओ के जरिए हमारे बस्तर अंचल के कांकेर और हमारे राज्य छत्तीसगढ़ का नाम होता है व राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाने का मौका भी मिलता है।

टीम ने लोगों के मन से अंधविश्वास को दूर करने, नाट्यकला का मंचन सबसे पहले डाइट कांकेर में किया, जिसका संचालन डॉ. मीरा आर्ची ने किया व जिनकी जिला नोडल पुष्पांजलि ठाकुर मैंम थीं।। फिर उनका चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। उसके बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर, छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे, अंधविश्वास को दूर करने उनके नाटक में हवन कुंड में मंत्र पढ़कर कैसे पानी से आग लगा दिया जाता है, उसका विश्लेषण विज्ञान के जरिए दिया।

## बारिश के बीच धान कटाई शुरू, मजदूरी व हार्वेस्टर के किराए से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



क्षेत्र में लगातार मौसम के बदलते रुख और बीच-बीच में हो रही बारिश के कारण धान कटाई कार्य प्रभावित हो रहा है। दीपावली के बाद जहाँ खेतों में कटाई का कार्य तेजी से प्रारंभ होना चाहिए था, वहीं इस वर्ष मजदूरों की कमी, हार्वेस्टर किराए की बढ़ती दर और बारिश के कारण खेतों में कीचड़ किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई का कार्य इस समय जोर-शोर से चल रहा है परंतु मजदूरों की उपलब्धता कम होने के कारण मजदूरी दरों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में मजदूरों की मजदूरी 200 से 300 रूपएं प्रति दिन तक पहुँच गई है, वहीं धान की भारा बंधाई का मूल्य 300 से 350 रूपएं तक चल रहा है। दूसरी ओर कटाई के लिए हार्वेस्टर मशीनों की मांग बढ़ने से उनका किराया भी बढ़ गया है। हार्वेस्टर की दरें 3000 से 4000 रूपएं प्रति एकड़ तक पहुँच गया हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। किसान धर्म मडावी, लच्छू राम नरेटी, प्रदीप कुमार मंडावी, परदेसी राम मंडावी, रेखलाल विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा और रविंद्र कुमार मंडावी ने बताया कि इस वर्ष अत्यधिक और असमय बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और फसल पकने में विलंब हुआ। इसके अलावा कुछ खेतों में फसल रोग और कीट प्रकोप भी देखने में आया, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश के चलते कई खेत अभी भी नरम हैं, जिससे हार्वेस्टर हर जगह पहुँच नहीं पा रहे। ऐसे में उन्हें मजबूरन हाथ से कटाई करवानी पड़ रही है, जो समयसाध्य और महंगा पड़ रहा है।

## दो वाहनों के टक्कर मामले में जांच के बाद अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



दुर्गुकोंदल थानांतर्गत हुई सड़क दुर्घटना में दो वाहन चालको मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक गावड़े खसगांव निवासी 34 वर्षीय भुनेश्वर गावड़े पिता सुखदास 31 मई को दोपहर साढ़े 3 बजें मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5756 में सवार होकर निजी काम से अपने गांव गावड़े खसगांव से अंतागढ़ आते समय वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 5756 व स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीई 6350 का आपस में आमने-सामने का टक्कर हो जाने से स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीई 6350 के चालक सोनुराम साहु का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 5756 के चालक भुनेश्वर गावड़े भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज के दौरान मेकाहारा अस्पताल रायपुर में 5 जून को मौत हो गया। वाहन चालक सोनुराम साहु ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे भुनेश्वर गावड़े का मौत हो जाने पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 6350 के चालक सोनुराम साहु के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।







